आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शनिवार                                                                 दिनांक 04.10.2025

मुख्य समाचारः—

1— प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए बासठ हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की युवा केंद्रित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया।

2— केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलियों से कोई वार्ता नहीं होगी—नक्सली आत्मसमर्पण करें, नहीं तो सुरक्षा बल उन्हें कड़ा जवाब देंगे।

3— केंद्रीय गृहमंत्री ने बस्तर और सरगुजा संभाग के ढाई सौ गांवों तक बस सुविधा पहुंचाने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा का शुभारंभ किया—साथ ही महतारी वंदन योजना की बीसवीं किश्त भी जारी की।

और

4— राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को खुदाई कार्यों की जानकारी ''सी—बड'' मोबाइल ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए।

## पीएम सेतु शुभारंभ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के लिए बासठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ज्ञान तथा कौशल का देश है और बौद्धिक शक्ति, देश की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आई.टी.आई. न केवल औद्योगिक शिक्षा के प्रमुख संस्थान हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की कार्यशालाएं भी हैं।

हमारी आईटीआईज़ इंडस्ट्रीयल एजुकेशन के बेहतरीन संस्थान तो है ही। ये आत्मनिर्भर भारत की वर्कशॉप है। साल 2014 तक हमारे देश में दस हजार आईटीआईज़ बनी थी। लेकिन बीते एक दशक में करीब पांच हजार नई आईटीआईज़ देश में बनाई गई हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–सेतु योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संस्थानों को उन्नत बनाया जाएगा और आधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि पीएम–सेतु देश के युवाओं को दुनिया की कौशल आवश्यकताओं के साथ जोड़ेगा।

## केंद्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़–01

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अगले वर्ष इकतीस मार्च तक देश को नक्सल समस्या से मुक्त करने के केन्द्र सरकार के संकल्प को दोहराते हुए नक्सलियों से अपील की है कि वे शस्त्र छोड़कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हो जाए। आज छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में बस्तर दशहरा लोकोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि जो नक्सली हथियारबंद संघर्ष जारी रखेंगे, उन्हें सुरक्षा बल कड़ा जवाब देंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद की समस्या के कारण बस्तर अब तक विकास से वंचित रहा है। लेकिन, आगामी इकतीस मार्च के बाद नक्सली बस्तर के विकास को रोक नहीं पाएंगे।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह ने आज जगदलपुर के अपने प्रवास के दौरान मां दंतेश्वरी मंदिर में देवी मां की पूजा–अर्चना की। इसके साथ ही वे बस्तर दशहरे के तहत आयोजित रस्म मुरिया दरबार में भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बस्तर संभाग में रहने वाले विभिन्न जनजातीय समुदायों के मुखिया उपस्थित थे। इस अवसर पर जनजातीय समुदाय के इन प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं साझा कीं। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि मुरिया दरबार लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रतीक जनजातीय समुदाय की आस्था की मिसाल है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद की यह ऐतिहासिक परंपरा एक वैश्विक धरोहर है।

श्री शाह ने कहा कि पचहत्तर दिनों तक चलने वाले बस्तर दशहरे की हर रस्म और विधान जनजातीय समुदाय की विभिन्न जातियों को एक सूत्र में पिरोती ळें

केंद्रीय गृहमंत्री–छत्तीसगढ़–02

केंद्रीय गृहमंत्री ने सभी लोगों से स्वदेशी उत्पाद ही खरीदने की अपील की। उन्होंने कहा कि यदि एक सौ चालीस करोड़ देशवासी स्वदेशी के संकल्प को आत्मसात करेंगे, तो भारत को दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता।

केंद्रीय गृहमंत्री ने आज जगदलपुर में आयोजित बस्तर दशहरा लोकोत्सव और स्वेदशी मेले कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा संभाग के चौंतीस मार्गों पर बसें चलाई जाएंगी।

केंद्रीय गृहमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ शासन की महतारी वंदन योजना की बीसवीं किश्त के रूप में सत्तर लाख महिलाओं के खाते में छह सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और विधायक किरण सिंह देव, बस्तर सांसद महेश कश्यप सहित अनेक जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<u>शिवराज चौहान–कृषि विवि</u>

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालयों में स्नातक की बीस प्रतिशत सीटें अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरने की घोषणा की है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद एक राष्ट्र, एक कृषि, एक टीम की भावना के अनुरूप यह परीक्षा आयोजित

करेगी। इस पहल से कक्षा बारहवीं में जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिकी, गणित या कृषि पढ़ने वाले छात्र आईसीएआर राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा–सीयूईटी के माध्यम से प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। कृषि मंत्री ने कहा कि इस निर्णय से देशभर के छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया सरल और एक समान हो जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्रालय–सलाह

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सलाह दी है कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को खांसी और सर्दी की दवा कोल्ड्रिफ सिरप न दी जाए। मंत्रालय ने इस संबंध में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सेवा निदेशकों को एक पत्र लिखा है। परामर्श में कहा गया है कि आमतौर पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इन दवाओं की सलाह नहीं दी जाती है। इससे अधिक उम्र के बच्चों के लिए खांसी और सर्दी की दवा का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक डॉक्टर की सलाह तथा कड़ी निगरानी के बाद ही किया जाना चाहिए।

नगरीय निकाय–खुदाई कार्य

राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को खुदाई कार्यों की जानकारी ''सी–बड'' मोबाइल ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक आर. एक्का ने कहा है कि दूरसंचार विभाग द्वारा नगरीय निकाय क्षेत्रों में पाइप लाइन, केबल और गैस पाइप लाइन कार्यों के लिए विभिन्न एजेंसियों द्वारा किए जा रहे सड़कों की खुदाई के कार्यों की जानकारी ''सी–बड'' मोबाइल ऐप पर अपलोड कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

आईईडी विस्फोट–माओवादी घायल

बीजापुर जिले में मद्देड़ थाना क्षेत्र के बंदेपारा के जंगल में माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट से एक महिला माओवादी ही घायल हो गई है। विस्फोट के बाद घायल महिला के अन्य साथी उसका हथियार लेकर मौके से भाग निकले। घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने ग्रामीणों की मदद से घायल महिला माओवादी को जंगल से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। घायल माओवादी की पहचान गुज्जा सोढ़ी के रूप में हुई है, जो पिछले छह–सात वर्षों से मद्देड़ एरिया कमेटी में सक्रिय थी।

जिले की चिट्‌ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्‌ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''बलौदाबाजार–भाटापारा'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

– रायपुर के सदर बाजार इलाके में एक सराफा व्यापारी के हाथ–पैर बांधकर अज्ञात आरोपियों ने छियालीस किलो चांदी के जेवर लूट लिए। इसकी कीमत करीब डेढ़ करोड़ रूपये बताई गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में नाकेबंदी कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

–  धमतरी जिले के केरेगांव थाना क्षेत्र में आज तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से जा टकराई। इस हादसे में एसटीएफ के एक जवान सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

और

–  कबीरधाम जिले के आमगांव में आज बिजली करंट की चपेट में आने से दो सगे भाइयों की मृत्यु हो गई।